# ‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०२० के सन्देश का अन्वेषण व अध्ययन’ : परिचय

आत्मीय विद्यार्थियो,

‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०२० के सन्देश का अन्वेषण व अध्ययन’ में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष हो रहा है!

मेरा नाम विमर्श कम्पैरो है और मैं एक सिद्धयोग ध्यान शिक्षक हूँ; मैं मैक्सिको शहर में रहता हूँ। पिछले साल वेबसाइट पर ‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०१९ के सन्देश का अन्वेषण व अध्ययन’ इस साधना-सामग्री का कार्य मेरी देखरेख में सम्पन्न हुआ था और ‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०२० के सन्देश का अन्वेषण व अध्ययन’ में मुझे यही भूमिका पुनः निभाने का महान सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आपमें से अनेक लोगों ने मुझे बताया है कि कैसे वेबसाइट पर ‘श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश का अन्वेषण व अध्ययन’, ये पृष्ठ दिव्य प्रज्ञान से ओतप्रोत, एक शान्त शरणस्थली हैं, यह ऐसा स्थान है जहाँ आप स्वयं को श्रीगुरुमाई के नववर्ष-सन्देश के अध्ययन में और उसे अपने जीवन में लागू करने में निमग्न कर सकते हैं। यह सुनकर मुझे प्रसन्नता हुई व प्रेरणा भी मिली; और मेरा अनुभव भी बिल्कुल यही रहा है!

‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०२० के सन्देश का अन्वेषण व अध्ययन’ के पृष्ठों पर आप श्रीगुरुमाई द्वारा प्रदान किया गया मार्गदर्शन पाएँगे—अभ्यास-पुस्तिका के प्रश्नों से लेकर विशेष रूप से चुनी गई कहानियों, अभंगों और भजनों तक। अतः जब आप इन पृष्ठों पर दिए गए विभिन्न अध्ययन-साधनों के साथ संलग्न हों, यह समझें की आपको अनेक तरीक़ों से, अनेक स्वरूपों में श्रीगुरुमाई का प्रत्यक्ष रूप से मार्गदर्शन और प्रज्ञान प्राप्त हो रहा है।

**अध्ययन के साधन**

‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०२० के सन्देश का अन्वेषण व अध्ययन’ में, आप ऐसे बहुआयामी अध्ययन-साधन पाएँगे जो आपको श्रीगुरुमाई के सन्देश का अध्ययन करने में, अभ्यास करने में, उसे आत्मसात् करने में व उसका परिपालन करने में आपकी सहायता करेंगे। इनमें शामिल हैं :

- ‘मधुर सरप्राइज़ २०२०’—यह वह सत्संग है जो १ जनवरी २०२० को हुआ था और जिसमें श्रीगुरुमाई ने इस वर्ष के लिए अपना सन्देश प्रदान किया था। इन पृष्ठों पर दिए गए अन्य

अध्ययन-साधनों का यह मुख्य केन्द्रण है। आप एक से अधिक बार प्रतिभागिता के पैकेज का पंजीकरण कराके ‘मधुर सरप्राइज़’ में बार-बार भाग ले सकते हैं।

- श्रीगुरुमाई के वर्ष २०२० के सन्देश पर अभ्यास-पुस्तिका—यह एक ऊर्जस्वी अध्ययन-साधन है जिसमें श्रीगुरुमाई प्रश्न प्रदान करती हैं—वर्ष के हर सप्ताह के लिए एक प्रश्न, तीस सप्ताहों तक—जिससे वर्ष २०२० के लिए उनके द्वारा दिए गए सन्देश के आपके अध्ययन व अभ्यास में आपको मार्गदर्शन मिल सके। अभ्यास-पुस्तिका में श्रीगुरुमाई का हर प्रश्न हमारी साधना के लिए एक पथप्रदर्शक है। हर प्रश्न से सम्बन्धित गतिविधियाँ जैसे, शारीरिक रूप से करना, चित्र द्वारा दर्शाना और मानसिक नक़्शा, आपको आत्मविचार की प्रक्रिया में अग्रसर करेंगी।

- अभ्यास-पुस्तिका में भाग लेने से ये साधन भी आपके लिए उपलब्ध होंगे :

  - गुरु-शिष्य संवाद—१ जनवरी २०२० को ‘मधुर सरप्राइज़’ के दौरान श्रीगुरुमाई और सत्संग के प्रतिभागियों के बीच हुआ प्रश्नोत्तरी का आदान-प्रदान, यहाँ लिखित रूप में उपलब्ध है।

  - श्रीगुरुमाई के सन्देश पर आधारित कहानियाँ—हर कहानी श्रीगुरुमाई के सन्देश से सम्बन्धित एक सिखावनी या विषय-वस्तु को समझाती है। ये कहानियाँ दोनों ही रूपों में उपलब्ध हैं—मौखिक रूप में सुनाई गई तथा लिखित रूप में भी, जिनमें कहानी विषयक चित्र भी शामिल हैं।

  - भजन और अभंग—यह भक्तिगीतों का संग्रह है, जिनमें से अनेक भजन व अभंग श्रीगुरुमाई के निजी संगीत-संग्रह से हैं। भारत के सन्त-कवियों द्वारा रचित ये भक्तिगीत हिन्दी [भजन] और मराठी [अभंग] दोनों भाषाओं में लिखे गए हैं। ये हृदयस्पर्शी भक्तिगीत वीजु कुलकर्णी जी द्वारा गाए गए हैं, और ये श्रीगुरुमाई के सन्देश की विषय-वस्तुओं का अन्वेषण करने हेतु वे साधन प्रदान करते हैं जिनसे हमारा हृदय ग्रहणशील हो जाता है।

जब आप ‘श्रीगुरुमाई के वर्ष २०२० के सन्देश का अन्वेषण व अध्ययन’ में दिए गए बहुआयामी पहलुओं के साथ कार्यरत हों, मैं आपको प्रोत्साहित करता हूँ कि अपने अध्ययन को सम्बल प्रदान करने के लिए, आप अपने लिए एक अध्ययन-कैलेन्डर बनाएँ जिसका पालन आप सहजता से व अनुशासित रीति से कर सकें। एक स्पष्ट सिद्धान्त जो ऐसा करने में मेरे लिए अत्यन्त कारगर रहा है वह है, श्रीगुरुमाई के मार्गदर्शन का पालन करना जो है, साधना के अपने चुने हुए लक्ष्यों की ओर

बढ़ने के लिए मुझे "छोटे, विशिष्ट और सुनियोजित" क़दम उठाने हैं। मैं आपको भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ।

मैं आशा करता हूँ और मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि जैसे-जैसे आप श्रीगुरुमाई के वर्ष २०२० के सन्देश का अभ्यास और अध्ययन करने के लिए केन्द्रण के साथ स्व-प्रयत्न करेंगे, आप उस उत्थानकारी प्रज्ञान को खोज निकालेंगे जो हमेशा से आपके अन्दर विद्यमान रहा है, और आप शान्तचित्तता का अनुभव करेंगे।

आदर सहित,

विमर्श कम्पैरो
श्रीगुरुमाई के सन्देश का अध्ययन व अन्वेषण
कार्यकारी सम्पादक

© २०२० एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।